ओमप्रकाश नाजवानी
सम्पादक

विज्ञापन हेतु
सम्पर्क करें।
9269214000
प्रति. बुक करावें

RNI No. : RAJHIN/2013/54948
Postal Regd. : RJ/AJ/210/2024-26

# आगाज की आवाज

प्रतिस्पर्धा से दूर, खबरें भरपूर, आगाज हमारा, आवाज आपकी.....
www.aagajkiaawaj.com

वर्ष 12 | अंक 24 | पाक्षिक | अजमेर, 01 दिसम्बर 2025 | मूल्य 10 रूपये | कुल पृष्ठ 4

## नसीराबाद को देवनारायण योजना से 55 करोड़ की सौगात

### सरसड़ी में आवासीय विद्यालय का शिलान्यास



आगाज की आवाज
(पाक्षिक समाचार पत्र)

**अजमेर।** पीसांगन के सरसड़ी में 25 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले राजकीय देवनारायण आवासीय विद्यालय भवन का भूमि पूजन और शिलान्यास समारोह शनिवार को विधि-विधान से आयोजित हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी, देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना और नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन के साथ हुई। स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, ग्रामीण और बड़ी संख्या में विद्यार्थी इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बने। केंद्रीय राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशील और विकासोन्मुख नीति से प्रदेश में शिक्षा के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिलवाड़ी में देवनारायण आवासीय विद्यालय का निर्माण क्षेत्र के विद्यार्थियों को नई उड़ान देगा। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आवासीय सुविधा मिलने से ग्रामीण एवं वंचित वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थी बेहतर अवसरों का लाभ उठा सकेंगे।देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना ने कहा कि 25 करोड़ की लागत से बनने वाला विद्यालय पीसांगन क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि देवनारायण बोर्ड सामाजिक उत्थान और शिक्षा के क्षेत्र में ठोस कार्य कर रहा है। यह विद्यालय विशेष रूप से छात्राओं के लिए वरदान सिद्ध होगा, क्योंकि उन्हें सुरक्षित और आधुनिक वातावरण में उत्कृष्ट शिक्षा मिलेगी। उन्होंने बताया कि पीसांगन क्षेत्र कई वर्षों से देवनारायण योजना से वंचित था, लेकिन अब योजना के तहत शिक्षा सहित कई महत्वपूर्ण कार्य हो रहे हैं। भड़ाना ने बताया कि हाल ही में नसीराबाद के दिलवाड़ी में देवनारायण विद्यालय का भूमि पूजन हुआ है तथा नसीराबाद में देवनारायण छात्रावास बनकर तैयार हो गया है। इस प्रकार नसीराबाद और पीसांगन क्षेत्र में अब तक कुल 55 करोड़ रुपये का बजट व्यय हो चुका है। विधायक रामस्वरूप लांबा ने कहा कि नसीराबाद विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा विकास को गति देने के लिए यह संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र में ऐसे आवासीय विद्यालय की आवश्यकता थी, जो अब पूरी हो रही है। लांबा ने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और देवनारायण बोर्ड का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने विद्यालय के प्रस्तावित स्वरूप, सुविधाओं और भविष्य की शैक्षिक योजनाओं को क्षेत्र की प्रगति में मील का पत्थर बताया।इस मौके पर पूर्व जिला प्रमुख पुखराज पहाड़िया, जिलाध्यक्ष भाजपा जीतमल प्रजापत, पीसांगन प्रधान दिनेश प्रधान सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।



## किशनगढ़ को 6.84 करोड़ की पाँच बड़ी सौगातें, भागीरथ चौधरी एक्टिव मोड में






आगाज की आवाज
(पाक्षिक समाचार पत्र)

**किशनगढ़ (अजमेर)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने शनिवार को किशनगढ़ और आसपास के ग्रामीण अंचलों में 6.84 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। कुल 684.02 लाख रुपये की इन परियोजनाओं से आधारभूत संरचनाओं, स्वास्थ्य सुविधाओं और कनेक्टिविटी को नई गति मिलेगी। भागीरथ चौधरी ने पाँच अलग-अलग स्थानों पर जाकर कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया और इन्हें जनता को समर्पित किया। कार्यक्रमों की शुरुआत किशनगढ़ रेलवे स्टेशन से हुई, जहाँ भागीरथ चौधरी ने 2.49 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित दो आधुनिक लिफ्टों का लोकार्पण किया। यात्रियों की सुविधा के उद्देश्य से तैयार की गई ये अत्याधुनिक लिफ्टें बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और दिव्यांग यात्रियों के लिए बड़ी राहत साबित होंगी। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किशनगढ़ स्टेशन पर लगातार आधुनिक सुविधाओं का विस्तार केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसके पश्चात भागीरथ चौधरी ग्राम पंचायत त्योद पहुँचे, जहाँ उन्होंने 25 लाख रुपये की लागत से तैयार पाँच सामुदायिक संरचनाओं का लोकार्पण किया। इनमें छोटा नरेना का सामुदायिक भवन, त्योदखेड़ी ढाणी तथा डूक्या ढाणी के खुले बरामदे, जुणदा श्मशान घाट का टिन शेड और राजकीय विद्यालय त्योद में निर्मित खुला बरामदा शामिल हैं। इन सुविधाओं से ग्रामीणों के सामाजिक, सामुदायिक और दैनिक कार्यों को मजबूत आधार मिलेगा।इसके बाद भागीरथ चौधरी बांदरसिंदरी पहुँचे, जहाँ उन्होंने 107.52 लाख रुपये की लागत से निर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया। यह नवनिर्मित केंद्र आसपास के गाँवों में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाएगा और ग्रामीण क्षेत्र को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएगा। इसके उपरांत भागीरथ चौधरी ने दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास किया। हरमाड़ा से बुहारू तक बनने वाली 3 किमी सड़क पर 135 लाख रुपये तथा पाटन से नलू तक 4 किमी सड़क पर 167.50 लाख रुपये व्यय होंगे। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित की जाने वाली इन सड़कों पर कुल 302.50 लाख रुपये खर्च होंगे, जिनसे ग्रामीण कनेक्टिविटी, व्यापारिक गतिविधियों और कृषि परिवहन को गति मिलेगी। दिनभर चले कार्यक्रमों के दौरान भागीरथ चौधरी ने कहा कि क्षेत्रवासियों के कल्याण और विकास कार्यों का विस्तार उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अजमेर संसदीय क्षेत्र और किशनगढ़ के विकास की यह श्रृंखला भविष्य में भी जारी रहेगी। कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## स्वागत के नारों से गूंजा अजमेर देहात

### विकास चौधरी का ऐतिहासिक स्वागत

संतोष मालाकार
आगाज की आवाज (पाक्षिक)

**किशनगढ़।** सोमवार को किशनगढ़ विधायक और कांग्रेस अजमेर देहात जिलाध्यक्ष विकास चौधरी के आगमन पर पूरे जिले में उत्साह का अद्भुत माहौल दिखाई दिया। कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत 45 जिलाध्यक्षों की पहली सूची घोषित हुई, जिसमें अजमेर देहात जिले की जिम्मेदारी पार्टी ने युवा नेतृत्व को प्रोत्साहन देते हुए विकास चौधरी को सौंपी। किशनगढ़ आने से पहले ही मार्ग में कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने उनका आतिथ्य किया। बगरू से शुरू हुआ उत्साह का क्रम पूरे रास्ते जोश से भरा रहा। जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार अजमेर आगमन पर बगरू में स्वागत प्रारंभ हुआ और गाड़ियों का बढ़ता क्रम काफिले को विशाल बनाता गया। गाडोता, मोखमपुरा, दूदू, पडासोली और दांतरी में कार्यकर्ताओं ने साफा, मालाएं और जयघोषों के साथ उनका अभिनंदन किया। जैसे ही काफिला अजमेर जिले की सीमा में दाखिल हुआ, सैकड़ों वाहनों और हजारों कार्यकर्ताओं ने स्वागत कर संगठन की मजबूती का संदेश दिया। बड़गांव टोल प्लाजा पर जनसैलाब जैसे दृश्य बने, जहाँ किशनगढ़, पुष्कर, मसूदा, नसीराबाद और दूदू क्षेत्रों से आए वरिष्ठ नेता, ब्लॉक अध्यक्ष, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई और विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। टोल परिसर में कांग्रेस ध्वज, नारों और जोश से पूरा वातावरण राजनीतिक रंग में रंग गया। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने साफा, मालाएं और पुष्पवर्षा कर विकास चौधरी का मनोबल बढ़ाया। मीडिया से बातचीत में विकास चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ताओं का यह उत्साह किसी एक व्यक्ति का नहीं, पूरे संगठन का सम्मान है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाकर आगामी नगर निकाय और पंचायती राज चुनावों में कांग्रेस शानदार जीत दर्ज करेगी। उनका कहना था कि वर्तमान टीम ऊर्जावान है और युवाओं व महिलाओं को साथ लेकर संगठन को नई दिशा दी जाएगी। बड़गांव टोल से आगे बढ़ते हुए काफिला सुरसुरा पहुँचा, जहाँ सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज की निर्वाण स्थली पर मंदिर कमेटी ने पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। उन्होंने धोक लगाकर क्षेत्र में शांति, समृद्धि और विकास की कामना की। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने पूरे आयोजन को और अधिक उत्साहपूर्ण बना दिया। इसके बाद काफिला पुष्कर पहुँचा, जहाँ स्थान-स्थान पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। ब्रह्मा मंदिर के गर्भगृह में विकास चौधरी ने विशेष पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के मंगल और समृद्धि की प्रार्थना की। स्वागत कार्यक्रम में नसीम अख्तर इंसाफ, धर्मेंद्र राठौड, राजकुमार जयपाल, भूपेंद्र राठौड, रामचंद्र चौधरी, वाजिद खान चीता सहित अनेक स्थानीय नेता और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनकी उपस्थिति ने पूरे आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया।



## सम्पादकीय

# विपक्ष की उलझनें और 'इंडिया' गठबंधन की डगमगाती जमीन

बिहार में मिली भारी शिकस्त ने विपक्ष के भीतर छिपी दरारों को एक बार फिर खुलकर सामने ला दिया है। विडंबना यह है कि जिस 'इंडिया' गठबंधन को सरकार के खिलाफ एकजुट मोर्चा माना जा रहा था, उसका अस्तित्व ही अब संदिग्ध है। यह सवाल गंभीर है कि क्या यह गठबंधन कभी पूरी तरह बना भी था? बिहार के चुनाव में सहयोगी दलों का एक-दूसरे के खिलाफ लड़ना इस भ्रम को और पुख़्ता करता है। पराजय के तुरंत बाद जो बयानबाज़ी शुरू हुई, उसने तस्वीर और उलझा दी। एक ख़बर आई कि कांग्रेस ने राजद और सपा से अलग होने का निर्णय ले लिया है और इसकी मंज़ूरी गांधी परिवार की तरफ़ से दी गई है। कुछ ही देर में कांग्रेस की ओर से इसका खंडन भी कर दिया गया। हां, यह साफ़ कर दिया गया कि पश्चिम बंगाल और असम में वह अकेले चुनाव लड़ेगी। केरल में गठबंधन की कोई गुंजाइश नहीं और तमिलनाडु में अभी द्रमुक के साथ समीकरण जस के तस हैं। बंगाल में ममता बनर्जी भले 'इंडिया' ब्लॉक का हिस्सा होने का दावा करती रहें, लेकिन कांग्रेस के साथ उनका तालमेल कभी नहीं रहा। ऐसे माहौल में अचानक यह आवाज उठना कि ममता बनर्जी या अखिलेश यादव को 'इंडिया' गठबंधन की कमान सौंप दी जाए, राजनीतिक तौर पर ज्यादा व्यावहारिक नहीं लगता। वजह भी साफ है, राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष का ढांचा कांग्रेस के इर्द-गिर्द ही खड़ा होता है। कांग्रेस के 99 सांसद, कई राज्य सरकारें और सैकड़ों विधायक विपक्ष की रीढ़ हैं। अगर कांग्रेस न हो, तो विपक्ष की ताकत आधी रह जाए। भारतीय राजनीति में गठबंधनों का इतिहास भी बहुत भरोसेमंद नहीं रहा। जनता पार्टी से लेकर वीपी सिंह और गुजराल सरकार तक विपक्षी एकजुटता टिक नहीं पाई। जो प्रयोग सफल रहा, वह यूपीए का था, क्योंकि उसकी धुरी कांग्रेस थी। एनडीए भी इसलिए कायम है, क्योंकि भाजपा उसका आधार है।आज विपक्ष जिस मोड़ पर खड़ा है, उसे यह समझना होगा कि बिना कांग्रेस के कोई भी राष्ट्रीय गठबंधन केवल कागज़ पर मजबूत दिख सकता है, जमीन पर नहीं। कांग्रेस को किनारे रखकर विपक्ष का कोई भी प्रोजेक्ट लंबा नहीं चलेगा। कांग्रेस भले कठिन दौर से गुजर रही हो, लेकिन उसकी राष्ट्रीय स्वीकार्यता, देशव्यापी ढांचा और राजनीतिक अनुभव आज भी विपक्ष की सबसे बड़ी ताकत है। विपक्ष वास्तव में यदि एक प्रभावी चुनौती पेश करना चाहता है, तो उसे दलगत महत्वाकांक्षाओं से ऊपर उठकर यह स्वीकार करना होगा कि कांग्रेस को केंद्र में रखे बिना 'इंडिया' गठबंधन या कोई भी मोर्चा न टिकेगा और न ही जनता में भरोसा जगा पाएगा।

# मन की बात हर भारतीय को देती है नई ऊर्जा और प्रेरणा : भागीरथ चौधरी





संतोष मालाकार
आगाज की आवाज (पाक्षिक)

**किशनगढ़।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा स्थानीय अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने रविवार को किशनगढ़ स्थित अपने आवास कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के नवीनतम संस्करण को भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम के उपरांत केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायी विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि मन की बात नई ऊर्जा, नए विचार और नए संकल्पों का संचार करती है। नरेन्द्र मोदी देश के नागरिकों की प्रेरणादायी कहानियों, नवाचारों और राष्ट्रीय विकास में योगदान की मिसालों को मंच देते हैं, जो हर भारतीय को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करती हैं।केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने आज के संबोधन में वोकल फॉर लोकल की भावना को जनांदोलन बनाने की अपील की। युवाओं, किसानों, उद्यमियों और नवाचार को बढ़ावा देने वाले प्रेरक उदाहरण साझा किए। समाज की एकजुटता, सेवा भावना, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को दीर्घकालिक राष्ट्रीय संकल्प बताया। साथ ही कहा कि देश के विकास में जनता की सहभागिता सबसे बड़ी ताकत है।

# अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में राजस्थान मंडप को स्वर्ण पदक

## उत्पादों की बंपर बिक्री से हस्त-शिल्प उद्यमियों में खुशी की लहर

आगाज की आवाज
(पाक्षिक समाचार पत्र)

**जयपुर।** नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 44वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का गुरुवार को समापन हुआ। समापन समारोह में राजस्थान मंडप को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक मिला। यह स्वर्ण पदक राजस्थान की ओर से मंडप के निदेशक हर्ष शर्मा और मैनेजर विनय शर्मा ने आईटीपीओ के एमडी डॉ. नीरज खैरवाल से ग्रहण किया। समारोह में हर्ष शर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मेले में राज्य की पवेलियन को स्वर्ण पदक मिलना पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। इस उपलब्धि से राज्य के हस्तशिल्प, कला और संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा तथा देश-विदेश में इनकी पहचान और मजबूत होगी। मेले में राजस्थान पवेलियन को उद्योग विभाग, पर्यटन विभाग, रीको, बीआईपी, खादी, राजीविका और रूडा की सहभागिता से आकर्षक रूप दिया गया था। राजस्थान के पारंपरिक व्यंजन और हस्तशिल्प उत्पाद खरीददारों की पहली पसंद बने। "एक भारत श्रेष्ठ भारत" थीम के तहत राजस्थान और असम के सांस्कृतिक एकीकरण की पहल ने भी आगंतुकों को खूब आकर्षित किया। राजस्थान पवेलियन में कारीगरों और उद्यमियों द्वारा लाइव प्रदर्शन के विशेष सत्र आयोजित किए गए। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट वॉल तथा राज्य की विरासत, नवाचार और सतत औद्योगिक विकास आधारित



प्रदर्शनी भी केंद्र में रही, जिससे राजस्थान मंडप पूरे मेले में आकर्षण का केंद्र बना रहा।चौदह दिवसीय इस मेले में पार्टनर स्टेट के रूप में तैयार राजस्थान पवेलियन ने कला, संस्कृति, हस्तशिल्प, पर्यटन और औद्योगीकरण का प्रभावी प्रदर्शन किया। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन से राज्य के दस्तकारों और लघु उद्यमियों को वैश्विक स्तर पर एक्सपोजर और व्यापारिक अवसर प्राप्त हुए।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर 'यमुना प्रवाह यात्रा' अजमेर पहुंची, संवाद कार्यक्रम में युवाओं को एकता और राष्ट्रनिर्माण का संदेश






आगाज की आवाज
(पाक्षिक समाचार पत्र)

**अजमेर।** देश के पहले गृहमंत्री और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर युवा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित यूनिटी मार्च के तहत राजस्थान, हरियाणा, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की संयुक्त यमुना प्रवाह यात्रा गुरुवार को अजमेर पहुंची। जयपुर से प्रारंभ हुई यह यात्रा अजमेर होते हुए गुजरात के केवड़िया स्थित स्टेच्यू ऑफ यूनिटी पर संपन्न होगी। यात्रा का उद्देश्य युवाओं को सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान और उनके राष्ट्रप्रेम से परिचित कराना है। अजमेर आगमन पर जेएलएन मेडिकल कॉलेज के डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में विद्यार्थी संपर्क संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें वासुदेव देवनानी, भागीरथ चौधरी, ओमप्रकाश भडाणा और अनिता भदेल ने सरदार पटेल के जीवन, उनके कार्यों और देश की अखंडता में उनकी भूमिका पर अपने विचार रखे। वासुदेव देवनानी ने पटेल के अमर कार्यों का विस्तार से उल्लेख करते हुए युवाओं को 'युवा शक्ति - राष्ट्र शक्ति' का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि पटेल देश का नेतृत्व करते तो भारत की तस्वीर और अलग होती। देवनानी ने बताया कि पटेल ने 562 रियासतों को मिलाकर अखंड भारत का निर्माण किया और युवाओं से विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ने की अपील की। भागीरथ चौधरी ने कहा कि पटेल के अविस्मरणीय योगदान से प्रेरित यह यात्रा युवाओं में नया उत्साह भरती है और राष्ट्र निर्माण की ओर प्रेरित करती है। अनिता भदेल ने कहा कि आजादी के बाद अनेक रियासतों में बंटे देश को एक राष्ट्र के रूप में स्वरूप देने का कार्य पटेल ने किया। उन्होंने युवाओं से एकता और अखंडता का संदेश लेकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। ओमप्रकाश भडाणा ने संकल्प पत्र पढ़कर युवाओं को आत्मनिर्भर बनने और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग सहित देश के विकास में योगदान की शपथ दिलाई। रमेश सोनी ने पटेल को राष्ट्र शिल्पी बताते हुए कहा कि उन्होंने विभाजित भारत को एक सूत्र में पिरोया। यात्रा के कोर्डिनेटर विनित त्यागी ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश का वर्तमान स्वरूप पटेल के प्रयासों का परिणाम है। कार्यक्रम में वैष्णवी पारीक ने शिव तांडव भजन और वेदिका राठौड़ ने अपनी विशेष कला प्रस्तुत की। इस अवसर पर नीरज जैन, सुरेन्द्र सिंह शेखावत, भवानी सिंह जैदिया, दीपक शर्मा, रजनीकांत, कपिल सांखला सहित पार्षद और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। मंच संचालन रचित कच्छावा ने किया।

# राज्य में जल संरक्षण को गति: वर्षा जल संचयन हेतु 7,959 डिग्गियों का निर्माण पूरा

**जयपुर।** राज्य में वर्षा जल संरक्षण, उसके दक्षतापूर्ण उपयोग तथा कमाण्ड क्षेत्र में नहरी जल के संग्रहण हेतु फार्म पौण्ड एवं डिग्गी निर्माण योजनाओं को सरकार निरंतर आगे बढ़ा रही है। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने बताया कि बजट घोषणा 2025-26 के तहत 9,300 फार्म पौण्ड का निर्माण कराया जा चुका है। वर्तमान राज्य सरकार ने जल संरक्षण के लिए 35,368 फार्म पोंड बनवाकर 213 करोड़ रुपये का अनुदान दिया है। कुओं से खेत तक पानी के अपव्यय को रोकने हेतु 32,918 किलोमीटर सिंचाई पाइप लाइन स्थापित की गई है, जिस पर 78 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने कहा कि बजट घोषणा के अनुसार 10,000 डिग्गियों का निर्माण कराया जाना है, जिनमें से अब तक लगभग 5,100 डिग्गियां बन चुकी हैं। इनके अनुदान के लिए कृषक कल्याण कोष व राज्य योजना मद से 62 करोड़ रुपये जारी कर किसानों को भुगतान किया जा रहा है। शेष राशि हेतु 100 करोड़ रुपये आवंटित किए जा चुके हैं, जिन्हें जिलों को भेजकर किसानों को शीघ्र भुगतान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि अटल भूजल योजना अन्तर्गत निर्मित डिग्गियों के भुगतान हेतु जल शक्ति मंत्री, भारत सरकार सी.आर. पाटिल को पत्र भेजकर शेष राशि प्राप्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। राशि जारी होते ही किसानों का लंबित भुगतान तुरंत कराया जाएगा। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार अब तक 7,959 डिग्गियों का निर्माण कर 158 करोड़ रुपये का अनुदान दे चुकी है। नहरी जिलों हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, बीकानेर व जैसलमेर के आईजीएनपी क्षेत्र में 66,883 डिग्गियों का निर्माण किया गया है, जिससे लगभग 2,67,532 हैक्टर क्षेत्र में नहर की बाराबंदी के दौरान सिंचाई सुविधा सुनिश्चित हो रही है।

# राज्य सेवा में गोपनीयता और निष्ठा सर्वोपरि : देवनानी

## चार कार्मिकों के सम्मान समारोह में देवनानी ने निष्ठा व अनुशासन को बताया सेवा की मूल भावना




**आगाज की आवाज**
(पाक्षिक समाचार पत्र)

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी अपने जीवनकाल का महत्वपूर्ण समय सेवाकाल में पूरा कर लेते हैं। राज्य सेवा में गोपनीयता और निष्ठा के प्रति प्रतिबद्ध होना आवश्यक है। देवनानी ने विधानसभा कर्मियों का आव्हान किया कि वे राजस्थान विधानसभा की गरिमा को बनाये रखने वाले कार्य करें, निष्ठा का स्वभाव बनाएं और संस्था के प्रति समर्पित रहें। सही समय पर आना और कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करना जिम्मेदार कार्मिक की पहचान होती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा देश की सर्वश्रेष्ठ विधानसभा है और इसे सर्वश्रेष्ठ बनाने में प्रत्येक कर्मी का महत्वपूर्ण योगदान है। अध्यक्ष देवनानी शुक्रवार को विधान सभा के वरिष्ठ उप सचिव पुरुषोत्तम शर्मा, सहायक संपादक विजय कुमार जैन, निजी सचिव शांति सागर जैन और सहायक कर्मचारी राजेंद्र सिंह सिसोदिया के सेवानिवृत्ति पर आयोजित समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपने कार्यों को श्रेष्ठता से करके संस्थान का नाम रोशन करें। ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे तो संस्था भी उनके हितों का ध्यान प्राथमिकता से रखेगी। देवनानी ने साफा पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सेवानिवृत्त अधिकारी और कर्मचारियों का अभिनन्दन कर भावभीनी विदाई दी। सेवानिवृत्ति के सभी समारोहों में अध्यक्ष देवनानी की मौजूदगी पर विधानसभा कर्मियों ने आभार जताया। देवनानी ने कहा कि विधानसभा में कार्य करने वाले अधिकारी और कर्मचारी सौभाग्यशाली होते हैं। लोकतंत्र के इस मंदिर में काम करने का अवसर कुछ लोगों को ही मिलता है। यहां विधायकगण से कार्मिकों का सीधा सम्पर्क होता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस पवित्र स्थल पर मनोभाव और सकारात्मक दृष्टि से काम करके निष्ठावान होने का परिचय दें। विधानसभा का प्रत्येक कर्मी सहभागिता से कार्य करे, संस्था के हित के लिए सामूहिक प्रयास करे और अपनी श्रेष्ठ क्षमताओं का उपयोग राष्ट्र के विकास में करे। इस मौके पर राजस्थान विधानसभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा, वित्तीय सलाहकार अपूर्व जोशी और राजस्थान विधानसभा कर्मचारी सहकारी साख समिति के अध्यक्ष रवि जैन सहित विधानसभा के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# केवीके तबीजी में कृषक-वैज्ञानिक संवाद, आधुनिक तकनीकों और पोषक प्रबंधन पर मिला मार्गदर्शन





**आगाज की आवाज**
(पाक्षिक समाचार पत्र)

**अजमेर।** आत्मा योजना अन्तर्गत केवीके तबीजी में आयोजित कृषक-वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम में जिले के 25 कृषकों ने भाग लिया। उप निदेशक आत्मा उषा चितारा ने कृषकों को पोषक तत्व प्रबन्धन एवं अन्य विषयों पर सविस्तार व्याख्यान दिया। उप परियोजना निदेशक आत्मा रामेश्वर लाल गैना ने आत्मा योजना की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए जैविक खेती पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। कृषि अनुसंधान अधिकारी कमलेश चौधरी ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड की सिफारिश के आधार पर उर्वरक के संतुलित उपयोग की जानकारी दी। उप निदेशक कृषि डॉ. कृष्ण गोपाल छीपा ने ट्राइकोडर्मा एवं अन्य जीवकारकों पर विशेष जानकारी साझा की, वहीं डॉ. साकेत पाठक ने पशुओं में फैलने वाली बीमारियों एवं उनकी रोकथाम पर विस्तार से बताया। मनोज शर्मा द्वारा विभिन्न फसलों में व्याधि नियंत्रण पर जानकारी दी गई। डॉ. रमाकान्त शर्मा ने अजोला एवं कम्पोस्ट उत्पादन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। दिनेश कच्छावा ने केवीके की विभिन्न गतिविधियों से कृषकों को अवगत कराया, जबकि रामकरण जाट ने आईपीएम पर और उपवन शंकर गुप्ता ने खरपतवार नियंत्रण के विषय में सविस्तार जानकारी प्रदान की।

# पुष्कर कॉरिडोर विकास पर सहमति की पहल, हितधारकों ने दिए अहम सुझाव

## प्रथम चरण में अति आवश्यक कार्य, सीवरेज-ड्रेनेज सुधार और पर्यटन सर्किट विकास पर जोर



**आगाज की आवाज**
(पाक्षिक समाचार पत्र)

**अजमेर।** पुष्कर ब्रह्मा मंदिर कॉरिडोर के विकास एवं निर्माण कार्यों को लेकर सोमवार को जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, जिला कलक्टर लोकबंधु और अजमेर विकास प्राधिकरण की आयुक्त नित्या के की अध्यक्षता में हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श बैठक आयोजित हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की बजट घोषणा के अनुरूप पुष्कर के सर्वांगीण विकास की कार्ययोजना तैयार करने के लिए यह बैठक राजस्थान पर्यटन विकास निगम के गणगौर में आयोजित की गई। बैठक में यह आश्वासन दिया गया कि पुष्कर विकास से संबंधित कोई भी निर्णय हितधारकों की सहमति और सुझावों के साथ ही लिया जाएगा। जिला कलक्टर लोकबंधु ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में पुष्कर आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है। उन्होंने पर्याप्त वाहन पार्किंग व्यवस्था, ई-रिक्शा व टेम्पो को प्रमुख परिवहन माध्यम के रूप में स्थापित करने, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और रिंग रोड निर्माण को शहर के भविष्य के लिए आवश्यक बताया। पर्यटन विभाग के अतिरिक्त निदेशक राजेश शर्मा ने कहा कि पुष्कर की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के साथ विकास कार्यों का संतुलन जरूरी है, जिससे पर्यटक यहां अधिक समय ठहरें और स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ मिले। बैठक में हितधारकों के सुझावों के आधार पर प्रथम चरण में अतिआवश्यक कार्यों को शामिल करने पर सहमति बनी। प्रमुख सुझावों में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट में सुधार, सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था, नए मेला मैदान का विकास, नए प्रवेश द्वार, विश्राम स्थली निर्माण, सीवरेज लाइन की चौड़ाई बढ़ाना और सरोवर में गंदा पानी नहीं जाने देने की प्रभावी योजना बनाना शामिल रहे। साथ ही एसटीपी की क्षमता वृद्धि, सीवरेज का सीधा ट्रीटमेंट प्लांट से जुड़ाव, नाला निर्माण को प्राथमिकता और पंचकुंड क्षेत्र में सीवरेज ओवरफ्लो का स्थायी समाधान भी सुझाया गया। धार्मिक पर्यटन विस्तार के लिए बैकुंठनाथ, श्रीराम बैकुंठनाथ, वराह मंदिर, अटपटेश्वर महादेव और ब्रह्मा मंदिर को एक धार्मिक सर्किट के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव सामने आए। हितधारकों ने स्थाई पार्किंग, उद्यान, बस स्टैंड की सुव्यवस्थित व्यवस्था, साइन बोर्ड स्थापना, वर्षा पूर्व-पश्चात नालों की सफाई, रिंग रोड निर्माण और आवश्यकतानुसार सड़क चौड़ीकरण की मांग भी रखी। इस अवसर पर नित्या के, गुरुप्रसाद तंवर, कृष्ण कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में हितधारक मौजूद रहे।

# खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में रग्बी का रोमांच, पहले दिन रही तेज़ रफ्तार जंग



**आगाज की आवाज**
(पाक्षिक समाचार पत्र)

**अजमेर।** राजस्थान में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 की रग्बी प्रतियोगिता का पहला दिन रोमांच, ऊर्जा और तेज रफ्तार खेल से भरपूर रहा। पटेल मैदान अजमेर में पुरुष एवं महिला वर्ग के मुकाबलों में देशभर की विश्वविद्यालय टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। पहले दिन दो राउंड के मुकाबले सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए, जिनमें एकतरफा जीत के साथ-साथ कड़े संघर्ष भी देखने को मिले। पुरुष वर्ग में दो राउंड के बाद चार टीमें अपराजित रहीं। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (मोहाली) ने 33-0 और 20-0 से शानदार जीत दर्ज कर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। मुंबई विश्वविद्यालय ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब वर्ल्ड यूनिवर्सिटी को 20-0 और लखनऊ विश्वविद्यालय को 29-0 से हराकर दोनों मुकाबलों में क्लीन शीट बनाई। केआईआईटी भुवनेश्वर ने 17-0 और 38-0 की प्रभावशाली जीत से अपना वर्चस्व साबित किया। कालिकट विश्वविद्यालय (केरल) ने शिवाजी विश्वविद्यालय को 26-5 और पंजाब विश्वविद्यालय को 25-0 से पराजित कर संतुलित खेल का प्रदर्शन किया। इन परिणामों ने आगामी नॉकआउट चरण के लिए मुकाबलों को और अधिक रोचक बना दिया है। महिला वर्ग में हाई स्कोरिंग मुकाबलों ने दर्शकों को खासा रोमांचित किया। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने मुंबई विश्वविद्यालय को 51-0 से हराया और शिवाजी विश्वविद्यालय पर 17-5 से जीत दर्ज की। केआईआईटी ने राजस्थान विश्वविद्यालय को 67-0 तथा चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय को 58-0 से हराकर सबसे धमाकेदार शुरुआत की। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) ने 67-0 और 56-0 की लगातार जीतों के साथ अपनी ताकत दिखाई। मुंबई विश्वविद्यालय ने पंजाबी विश्वविद्यालय (पटियाला) को 69-0 से हराकर शानदार वापसी की। महिला मुकाबलों में खिलाड़ियों ने जोश, अनुशासन और उत्कृष्ट तकनीक का प्रदर्शन किया, जिससे आगे के मैचों को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है। दो राउंड पूरे होने के साथ रग्बी प्रतियोगिता का आगाज बेहद मजबूत रहा। दूसरे दिन ग्रुप स्टेज का तीसरा राउंड खेला जाएगा, जिसके बाद क्वार्टरफाइनल मुकाबले होंगे। ग्रुप रैंकिंग के आधार पर सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ अब और तेज होगी। रग्बी प्रेमी दर्शक मैच अपडेट्स, हाइलाइट्स और शेड्यूल के लिए रग्बी इंडिया एवं खेलो इंडिया के आधिकारिक प्लेटफॉर्म्स को फॉलो कर सकते हैं। खेल का यह उत्सव अजमेर को एक बार फिर खेल नगरी के रूप में नई पहचान दिला रहा है।

# विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम में ऑटो चालकों को किया गया जागरूक




**आगाज की आवाज**
(पाक्षिक समाचार पत्र)

**अजमेर।** जिला निर्वाचन अधिकारी लोक बन्धु के निर्देशन में चुनाव मुख्य शाखा अजमेर की ओर से सोमवार को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत ऑटो चालकों को जागरूक किया गया। स्वीप प्रभारी मीना शर्मा ने एक हजार से अधिक ऑटो चालकों को एसआईआर के तहत परिगणना प्रपत्र भरकर जमा करवाने तथा ई-मित्र और मोबाइल वेबसाइट के माध्यम से प्रपत्र सबमिट करने की जानकारी दी। टैक्सी यूनियन अध्यक्ष करण सिंह ने अजमेर जिले में चलने वाले वाहनों पर विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़े एक हजार बैनर लगवाकर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसी क्रम में रेलवे स्टेशन पर कार्यरत कुलियों को भी जागरूक किया गया और लोकतंत्र को मजबूत बनाने तथा वोटर लिस्ट में अपना नाम सत्यापित करने का संदेश दिया गया।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण में उत्कृष्ट कार्य 14 बीएलओ राज्य स्तर पर सम्मानित



**आगाज की आवाज**
(पाक्षिक समाचार पत्र)

**अजमेर।** मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने पर मंगलवार 24 नवम्बर को जिले के 14 बीएलओ को राज्य स्तर से सम्मानित किया गया। इन्हें जिला निर्वाचन अधिकारी लोक बन्धु द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्योति ककवानी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2025 तक वर्तमान मतदाता सूची के मतदाताओं के परिगणना प्रपत्र वितरित कर उन्हें ऑनलाइन डिजिटाइज करने का कार्य किया जा रहा है, जिसमें बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर प्रपत्र भरवाकर डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। इस अभियान में जिले के 14 बीएलओ द्वारा उत्कृष्ट कार्य किया गया, जिसके लिए उन्हें राज्य स्तर पर सम्मान प्राप्त हुआ। सम्मानित बीएलओ में केकड़ी के शिवराज प्रजापत, रामदेव धाकड़, संजय कुमार मीणा, बाल किशन दाधीच, महेश कुमार कुमावत, सांवर लाल कुम्हार, जयपाल शर्मा एवं मन्जू कुमारी, किशनगढ़ के बाबूलाल शर्मा, भागचन्द जाट एवं सांवर लाल जाट, नसीराबाद के किशनलाल शर्मा, अजमेर उत्तर के महेन्द्र कुमावत तथा हंगामी लाल बैरवा शामिल हैं।

## मार्बल उद्योग में घायल श्रमिक महिला रतनी देवी को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग



**संतोष मालाकार**
आगाज की आवाज (पाक्षिक)

किशनगढ़। रालोपा नेता शम्भु शर्मा और युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री रामस्वरूप चौधरी के नेतृत्व में मार्बल उद्योग में कार्यरत श्रमिक महिला रतनी देवी को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग को लेकर मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर जैन से भेंट की गई। रतनी देवी, पत्नी स्व. रामदेव, निवासी छोटा नरेना, एसोसिएशन कार्यालय पहुँची और अपनी आपबीती सुनाते हुए बताया कि वे मार्बल एरिया में क्रेजी उठाने और सफाई का कार्य करती थीं। उन्होंने बताया कि 14 जुलाई 2025 को काम के दौरान केमिकल हाथ-पैर पर गिर गया, जिससे तेज खुजली और जलन शुरू हुई। डॉक्टरों ने संक्रमण बताया और इलाज शुरू किया, लेकिन संक्रमण बढ़ता गया और स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि दोनों हाथ-पैर काटने पड़े। रतनी देवी ने बताया कि वे पांच बेटियों की मां हैं और परिवार की एकमात्र कमाने वाली सदस्य थीं। हादसे के बाद परिवार पर गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। भावुक होते हुए उन्होंने कहा कि यदि उचित आर्थिक सहायता मिल जाए तो उनका और उनकी बच्चियों का भविष्य सुरक्षित हो सकता है। मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर जैन ने मानवीय आधार पर हरसंभव सहायता दिलाने का भरोसा दिया। इस दौरान मोहन चौधरी निटूटी, रामरतन चौधरी सुरसुरा, गोपाल माहेश्वरी, सर्वेश्वर सिंह सिणगारा, गजेन्द्र सेन काढा, चैना राम चौधरी, हरि सिंघारिया, राजेन्द्र शर्मा, मोहनलाल फौजी, भागचन्द बाना, मुकेश मैघवंशी, गोविंद, मोनू देवी, काली देवी, रेणु प्रजापति, ममता कंवर सहित कई लोग उपस्थित रहे।



ओमप्रकाश नाजवानी
पत्रकार. सम्पादक
हमारे राष्ट्रीय स्तर पर रजिस्टर्ड NGO
संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष - ओमप्रकाश नाजवानी
• सामाजिक सेवा संकल्प फाउंडेशन (रजि.) NGO
• टीम पत्रकार अधिकार रक्षार्थ फाउंडेशन (रजि.) NGO
• सामाजिक सेवार्थ फाउंडेशन (रजि.) NGO
हमारे भारत सरकार से रजिस्टर्ड समाचार पत्र
सम्पादक, मालिक, प्रकाशक - ओमप्रकाश नाजवानी
• आगाज की आवाज (पाक्षिक) समाचार पत्र
• अजमेर का आइना (साप्ताहिक) समाचार पत्र
• मेरा समाज मेरा भारत (मासिक) समाचार पत्र
1-जे-16, न्यू हाऊसिंग बोर्ड, मदनगंज-किशनगढ़ (अजमेर) राज. 305801
8505006400
9269214000


# नागफणी तिराहे पर हाईमास्ट लाइट का लोकार्पण, क्षेत्र में अब तक 8 जगह स्थापित



**आगाज की आवाज**
(पाक्षिक समाचार पत्र)

**अजमेर।** शहर को अधिक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और प्रकाशमान बनाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने नागफणी तिराहे पर नवस्थापित हाईमास्ट लाइट का लोकार्पण किया। उन्होंने हाईमास्ट लाइट को क्षेत्रवासियों को समर्पित करते हुए कहा कि आधुनिक प्रकाश व्यवस्था सुरक्षा बढ़ाने, शहर के सौंदर्यीकरण, यातायात व्यवस्था और नागरिक सुविधा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लोकार्पण समारोह में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए देवनानी ने कहा कि शहर के प्रमुख चौराहों, मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर हाईमास्ट लाइटों की स्थापना एक योजनाबद्ध प्रयास के तहत की जा रही है, ताकि रात्रिकालीन समय में यातायात सुचारू रहे, पैदल राहगीरों को सुविधा मिले और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि हाईमास्ट लाइटों की शुरुआत से आसपास के क्षेत्रों में उजाला बढ़ेगा और नागरिकों में सुरक्षा का भाव मजबूत होगा। देवनानी ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न हिस्सों में चरणबद्ध रूप से हाईमास्ट लाइटें स्थापित की जा रही हैं, जिससे अजमेर को और अधिक सुरक्षित, सुंदर और विकसित स्वरूप प्रदान किया जा सकेगा। व्यस्त मार्गों पर रात में बेहतर रोशनी से वाहन चालकों को राहत मिलेगी और बाजार क्षेत्रों में आवाजाही सुगम



होगी, जिससे व्यापारिक गतिविधियों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। अब तक विधानसभा क्षेत्र में 8 स्थानों, आनासागर पुलिस चौकी, शास्त्री नगर चुंगी, मित्तल अस्पताल तिराहा, टेलीफोन एक्सचेंज चौराहा, चामुंडा चौराहा, सावित्री चौराहा, घाटी वाले बालाजी और नागफणी तिराहा पर हाईमास्ट लाइटें स्थापित की जा चुकी हैं। प्रत्येक हाईमास्ट लाइट 4.40 लाख रुपये की लागत से लगाई गई है। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद, अधिकारी और क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बोर्ड कार्यालय में स्वच्छता अभियान एवं संविधान दिवस का समर्पित आयोजन

**आगाज की आवाज**
(पाक्षिक समाचार पत्र)

**अजमेर।** वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कार्यालय में स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई कार्य सम्पन्न किया गया। बोर्ड सचिव गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि बुधवार को लंच पूर्व समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपनी शाखाओं में आंतरिक सफाई करते हुए फाइलें एवं रिकॉर्ड सुव्यवस्थित किए। लंच पश्चात बोर्ड व रीट कार्यालय परिसर की सफाई हेतु श्रमदान किया गया। इस कार्य के लिए विभिन्न दलों का गठन किया गया। कार्यालय भवन एवं रीट कार्यालय परिसर में आज स्थल मंजिल से लेकर चतुर्थ मंजिल तक सभी शाखाओं में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक पुराने रिकॉर्ड एवं फाइलों को व्यवस्थित किया तथा पुरानी फाइलों को बस्तों में रखा। साथ ही अनुपयोगी कबाड़ व रद्दी को निर्दिष्ट स्थान पर एकत्रित किया गया। सायंकाल सचिव एवं अधिकारियों द्वारा विभिन्न शाखाओं के निरीक्षण के उपरांत परीक्षा सैल-3 शाखा को उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का पठन कर शपथ दिलाई गई। संविधान दिवस



कार्यक्रम का संचालन विशेषाधिकारी नीतू यादव, निदेशक (शैक्षिक) दर्शना शर्मा एवं बृजेश शर्मा द्वारा किया गया। गिरधर गोपाल एवं रामस्वरूप दायमा ने संविधान दिवस के अवसर पर संविधान से संबंधित रोचक तथ्य व जानकारियां प्रस्तुत कीं।

# संविधान दिवस समारोह में राज्यपाल ने महापुरुषों और राष्ट्र निर्माण पर विचार साझा किए

**राज्यपाल ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, शिक्षा-संस्कार के संतुलन और युवाओं की भूमिका पर भी दिए महत्वपूर्ण विचार**

**आगाज की आवाज**
(पाक्षिक समाचार पत्र)

**अजमेर।** संविधान दिवस समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सनातन संस्कृति के नायकों को सम्मान देने के लिए संविधान में उन्हें चित्र रूप में सम्मिलित किया गया है और संविधान भारत के जन-मन की भाषा है। उन्होंने महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में भाग लिया तथा इससे पूर्व संविधान उद्यान का अवलोकन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की गतिविधियों से सम्बन्धित न्यूज लेटर त्रिवेणी का विमोचन भी किया गया। हरिभाऊ बागडे ने अपने सम्बोधन में संविधान निर्माण की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर का संविधान समिति में चयन विशेष परिस्थितियों में हुआ और सरदार पटेल के हस्तक्षेप से उन्हें पुनः समिति में भेजा गया। उन्होंने कहा कि संविधान सनातन संस्कृति के मूल्यों







पर आधारित है और इसमें संस्कृति की रक्षा करने वाले महापुरुषों को स्थान दिया गया है, जिनके चित्र संविधान की मूल प्रति में उकेरे गए हैं। उन्होंने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के सही अर्थ, राष्ट्र की प्रगति में युवाओं की भूमिका, शिक्षा और संस्कार के संतुलन तथा शोध की उपयोगिता पर विचार व्यक्त किए। समारोह के मुख्य वक्ता अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. नारायण लाल गुप्ता ने कहा कि संविधान सभा के सदस्य आदर्शवादिता, समर्पण और समावेशिता के जीवन मूल्यों के साथ कार्य करते थे और संविधान आज भी सामाजिक व आर्थिक परिवर्तनों के बीच स्थिर शासन देने में सक्षम है। उन्होंने संविधान के मूल स्वरूप, उसमें अंकित सांस्कृतिक प्रतीकों, नीति निर्देशक तत्वों, बन्धुता की भावना और राष्ट्रीय एकता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह में कुलगुरू सुरेश कुमार अग्रवाल ने विश्वविद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी, कुलसचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा नगर निगम के उपमहापौर नीरज जैन ने हरिभाऊ बागडे का अभिनन्दन किया।

स्वामित्व, प्रकाशक ओमप्रकाश नाजवानी के लिए मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419/30 ब्रह्मपुरी, चर्च के पास, जयपुर रोड, अजमेर (राज.) से मुद्रित कर आगाज की आवाज (पाक्षिक) कार्यालयः 1-जे-16 न्यू हाऊसिंग बोर्ड, मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। - सम्पादक ओमप्रकाश नाजवानी